>

Title: Need to ensure adequate supply of LPG and Kerosene in Uttarakhand.

श्री के.सी. सिंह 'बाबा' (नैनीताल) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तराखंड में कुकिंग गैस एवं केरोसिन के कोटे में और अधिक बढ़ोतरी करने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, उत्तराखंड एक वन एवं पहाड़ी बहुल वाला भू-भाग है। पेट्रोलियम पदार्थ जैसे कुकिंग गैस एवं केरोसिन की किल्लत को दूर करने के लिए, इनके कोटे में और अधिक बढ़ोतरी करने की आवश्यकता है। क्षेत्र में ईधन के लिए आसानी से अन्य विकल्प उपलब्ध न होने के कारण प्रदेश के लोगों को वनों से निर्भर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। आज ईधन के लिए वनों से पेड़ों की कटाई से पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर समस्या पैदा हो रही है। पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए हमें लकडी का ईधन के रूप् में प्रयोग को समाप्त करने के लिए गंभीरता से सोचना पड़ेगा। वन बहुल दूर-दराज वाले क्षेत्रों में गरीब लोगों के लिए केरोसिन के मूल्य में और अधिक कमी के साथ प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों को प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी कराना होगा। राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों जहां गैस की आपूर्ति में कठिनाई है उस क्षेत्र में अतिरिक्त केरोसिन का कोटा सुलभ कराना भी आवश्यक है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि उत्तराखंड में कुकिंग गैस और केरोसिन के कोटे में प्रचुर मात्रा में बढ़ोतरी करने के साथ इनके मूल्यों में और अधिक छूठ दी जाय।